# बजट में मुख्यमंत्री बघेल ने रायगढ़ को दी कई सौगातें

- खुलेगा नया स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम कालेज
- धरमजयगढ़ का सिविल अस्पताल होगा 100 बिस्तरीय, नये पदों को मिली मंजूरी, दूसरे अस्पतालों में भी बढ़ेंगे पद
- रायगढ़ में खुलेगा 100-100 सीटर बालक व बालिका छात्रावास
- उर्वरक जांच प्रयोगशाला की होगी स्थापना, चपले में खुलेगी नई पुलिस चौकी





**रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज विधानसभा में बजट पेश किया। उनके इस बजट में रायगढ़ जिले के लिए भी काफी सौगातें शामिल है। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल व अधोसंरचना विकास के कार्य प्रमुख रूप से शामिल है। बजट में हुयी घोषणा अनुसार रायगढ़ में नया स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय खोला जाएगा। इसमें भवन तथा सेटअप के लिए 12 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही रायगढ़ में 100-100 सीटर बालक एवं बालिका छात्रावास अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए खोले जायेंगे।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बहुत सी सौगातें जिले को मिली है। जिसमें सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ को 100 बिस्तर अस्पताल में उन्नयन करने के लिए नये पदों के सृजन का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही घरघोड़ा में 50 बिस्तर अस्पताल, राजपुर में 30 बिस्तर अस्पताल के साथ बसंतपुर, अमलीडीह विकासखण्ड घरघोड़ा, नवापारा विकासखण्ड पुसौर के उप स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना हेतु नये पदों के सृजन का प्रावधान किया गया है। रायगढ़ के मेडिकल कालेज अस्पताल में ई चिकित्सालय शुरू किया जाएगा। इसके लिए सेटअप तथा सूचना प्रौद्योगिकी के कार्यों को मंजूरी दी गई है। साथ ही कठिनाई के अस्पताल के भवन निर्माण का भी प्रावधान किया गया है। जिले के खरसिया विकासखण्ड के ग्राम-चपले में नवीन पुलिस चौकी की स्थापना की जाएगी। रायगढ़ जिले में पुलिस अधीक्षक कार्यालय भवन निर्माण का भी प्रावधान किया गया है। जिले में उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला की स्थापना को भी मंजूरी दी गई है। इससे खाद के सैंपलों के जांच में तेजी आएगी। कौशल विकास के तहत लोईंग में नवीन आईटीआई की स्थापना की जाएगी।

**मानदेय में वृद्धि की घोषणा से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में हर्ष,रंग गुलाल खेल मनाया जश्न-** आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को भरोसे के बजट ने दो दिन पहले ही होली मनाने का मौका दे दिया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विधानसभा में कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि की घोषणा करते ही महिलाओं ने रंग-गुलाल खेल कर जश्न मनाया। सभी काफी उत्साहित नजर आयीं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं संघ की अध्यक्ष अनिता नायक ने इस संवेदनशील कदम के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार जताया है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज बजट में कार्यकर्ताओं के मानदेय में 35 सौ की वृद्धि कर दस हजार, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय 4500 से बढ़ाकर 7500 और सहायिकाओं का मानदेय 18 सौ से बढ़ाकर अब 5 हजार करने की घोषणा की।

**रायगढ़ में अब स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कॉलेज भी, भवन और सेटअप के लिए 12 करोड़ का प्रावधान-** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के छात्रों को फीस की चिंता किए बिना अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा प्रदान करने की पहल आज बजट में अंग्रेजी मीडियम कॉलेज खोलने की घोषणा के साथ एक पायदान और आगे बढ़ी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में कुल 10 अंग्रेजी मीडियम कॉलेज खोलने की घोषणा की है। जिसमें रायगढ़ भी शामिल है। यहां नया कॉलेज खोला जाएगा, इसके लिए भवन व सेटअप के लिए 12 करोड़ का प्रावधान बजट में किया गया है। इससे जिले के विद्यार्थियों में काफी उत्साह है। 12 वीं के छात्र प्रतीक साहू ने कहा कि कई ऐसे विद्यार्थी होते हैं जो इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई करते हैं और आगे कॉलेज में इंग्लिश मीडियम से पढ़ाई नहीं होने के कारण उन्हें अपने मीडियम को लेकर काफी परेशानी उठानी पड़ती है। यदि इंग्लिश मीडियम कॉलेज मिलता है भी तो वह शहर से बाहर होने के कारण वहां जा कर रहना और पढ़ाई करना होता है। यह हर किसी के लिए आसान नहीं होता है। कई लोगों को आर्थिक दिक्कतों के चलते दूसरे कॉलेजों में एडमिशन लेना पड़ता है। इस कदम के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार जताया है। वहीं छात्र रुद्र प्रताप सिंह, अनुष्का शर्मा और अनुष्का महतो ने भी रायगढ़ में इंग्लिश मीडियम कॉलेज खोले जाने को छात्रों के लिए हितकारी फैसला बताया है। उन्होंने कहा कि रायगढ़ में इंग्लिश मीडियम कॉलेज खुलने से स्वामी आत्मानंद स्कूल के साथ ही दूसरे सभी अंग्रेजी मीडियम स्कूल के बच्चे भी यहां पढ़ सकेंगे। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल रायगढ़ की शिक्षिका उषा चंद्रा कहती हैं कि स्वामी आत्मानंद स्कूलों को खोलने के सरकार के पहल से शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई की नींव मजबूत हो रही है। इसके पश्चात अब अंग्रेजी मीडियम कॉलेज खोलने का कदम अत्यंत सराहनीय है। इससे अंग्रेजी माध्यम से पढ़े सभी बच्चों को बहुत फायदा होगा। रायगढ़ के साथ ही आस-पास के बच्चे भी यहां आकर पढ़ सकेंगे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### निष्प्रयोज्य अग्निशमन वाहनों की नीलामी 20 मार्च को

**रायगढ़।** जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यालय के निष्प्रयोज्य घोषित अग्निशमन वाहनों की नीलामी 20 मार्च 2023 को दोपहर 12 बजे चांदमारी स्थित फायर स्टेशन में की जाएगी। इच्छुक खरीददार नीलामी तिथि के पूर्व कार्यालयीन दिवस एवं समय में आकर वाहनों को देख सकेंगे। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते है।

### पेड़ से टकराई तेज रफ्तार बाइक, हादसे में जीजा-साले की मौत, परिवार में पसरा मातम

**पेंड्रा (आरएनएस)।** पेंड्रा में हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार जीजा, साले की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी।हादसा उस वक्त हुई जब बाइक जीजा और साला शादी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। घटना पूटा गाँव के बात की बताई जा रही है।इधर मामले की सूचना मिलते ही पेंड्रा पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गयी है। जानकारी के मुताबिक बेलगहना और जोगीसार निवासी जीजा और साला बाइक में सवार होकर बस्ती बगरागाँव में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। उसी दौरान पूटागाँव के पास तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकरा गयी। टक्कर इतना भीषण था की मोटरसाईकिल में सवार जीजा, साले की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। फिरहाल पुलिस मौके पर पहुँच जांच मामले की जांच में जुट गयी है।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को कुचला, चालक की मौके पर मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी के मंदिरहसौद थाना इलाके से बड़ी खबर सामने आ रही है जिसमें एक कार ने तीन बाइक सवार को कुचला और बाइक सवार चालक की मौके पर मौत हो गई और दो व्यक्ति बुरी तरह से घायल हो गए। घायलों को 108 की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया है। मामलें में जानकारी देते हुए मंदिरहसौद थाना प्रभारी ने बताया कि ये घटना शाम साढ़े 7 बजे अपनी बाइक मृतक अर्जुन ध्रुव जो कि ग्राम सिवनी का रहने वाला है जो कि अपने घर जा रहा था तभीग्राम उमरिया टर्निंग इंडियन पेट्रोल पंप के सामने महासमुंद जाने के लिए अर्टिगा कार क्र0 छ्त्र06त्रङ्घ8838 ने बाइक सवारों को कुचल दिया।

### पचास लाख का गांजा पकड़ाया, दो गिरफ्तार

**कवर्धा (आरएनएस)।** सिटी कोतवाली पुलिस को गांजा तस्करों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। पुलिस की टीम एक ट्रक में तस्करी किये जा रहे 5 क्विंटल गांजे को जब्त किया है तथा दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी गांजा खपाने के फिराक में घूम रहे थे। आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार रात कृषि उपज मंडी के पास खड़े ट्रक को देखकर जांच करने के लिए पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी पहुंची जिसे देखकर ट्रक के पास खड़े दो लोग घबरा गये जिनसे पुलिस ने पुछताछ की तो दोनों भागने का प्रयास करने लगे। जिन्हे पकडक़र पुछताछ की गई तो उन्होंने अपना नाम आरोपी जय किशन साहू राजनांदगांव और चंद्रभूषण साहू रायपुर का होना बताया। पुलिस की टीम ने जब ट्रक की जांच की तो ट्रक में 150 बोरी मुर्गे के दाने रखे हुए थे और जब बोरियों की तलाशी ली गई तो उसके अंदर गांजा भरा मिला। बोरियों में कुल 5 क्विंटल गांजा रखा हुआ था जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया तथा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ नॉरकोटिक एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# उन्नत तकनीक एवं एकीकृत मछली पालन के तहत दिया गया प्रशिक्षण



**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन एवं सहायक संचालक मछली पालन में एनएफडीबी/पीएमएमएसवाय अंतर्गत 3 दिवसीय प्रशिक्षण सिंधी धर्मशाला, रायगढ़ में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मछली पालन का कौशल प्रशिक्षण अंतर्गत उन्नत तकनीक से मछली पालन एवं एकीकृत मछली पालन के तहत (मछली के साथ पशुपालन, उद्यान(बाड़ी) एवं अन्य)अतिरिक्त आय प्राप्त करने हेतु प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। प्रशिक्षक डॉ.आर.के.तम्बोली, प्राध्यापक विभागाध्यक्ष प्राणीशास्त्र किरोड़ीमल शासकीय महाविद्यालय रायगढ़, डॉ.तंवर उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग रायगढ़, डॉ.कमलेश दीवान सहायक संचालक उद्यान रायगढ़, डॉ.महंत विषय वस्तु विशेष केव्हीके रायगढ़, एम.पी.ओग्रे सहायक मत्स्य अधिकारी, कार्यालय सहायक संचालक मछली पालन जांजगीर एवं मछली पालन विभाग से एम.के. पाटले सहायक संचालक मछली पालन रायगढ़, सहायक मत्स्य अधिकारी एवं मत्स्य निरीक्षक द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में 50 मत्स्य पालक उपस्थित थे। इस मौके पर हितग्राहियों को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र वितरण करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# जनचौपाल में अजय को मिला निशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत 50 हजार रुपए की राशि, दो दिव्यांगों का मौके पर बना राशन कार्ड

- कलेक्टर ने जन सामान्य की सुनी समस्याएं, अधिकारियों को दिए आवेदनों के निराकरण के निर्देश



**रायगढ़।** तहसील खरसिया के ग्राम तुरेकेला निवासी अजय बरेठ आज कलेक्टर कक्ष में आयोजित जन चौपाल में पहुंचे थे, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा अजय बरेठ को समाज कल्याग विभाग द्वारा संचालित नि:शक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना का लाभ देते हुए 50 हजार रुपये राशि प्रदान करने की प्रक्रिया पूर्ण की गई। परिवार से चर्चा करने पर सदस्यों ने बताया कि अजय की शादी शांती से हुई थी, चूंकि अजय मुकबधिर है जिसके कारण उन्हें इस योजना का लाभ मिला है। यह राशि दंपति के लिए सुरक्षित रखा जाएगा। जिसका उपयोग वे अपने कठिन समय में कर सकेंगे।

इसी प्रकार ग्राम-अरसीपाली निवासी लक्ष्मी यादव एवं रायगढ़ विकासखंड के ग्राम चिराईपानी निवासी सहोद्रा वैष्णव दोनों दिव्यांगों ने जीवन-यापन में हो रही कठिनाईयों को कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के समक्ष आवेदन के माध्यम से रखा, कलेक्टर के निर्देश पर मौके पर दोनों का राशन कार्ड बना कर प्रदाय किया गया।

जन सामान्य की समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में प्रति सोमवार प्रात: 10.30 बजे से जन चौपाल का आयोजन किया जाता है। आज आयोजित जन चौपाल में मांग एवं शिकायतों के कुल 92 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें विकासखंड खरसिया के नरहरि जन चौपाल में मोटरराइज्ड ट्राइसाइकल की मांग की। उन्होंने बताया कि वे दोनों पैर से दिव्यांग है, उन्हे मोटराइज्ड ट्राइसाइकल की आवश्यकता है, समाज कल्याण विभाग द्वारा उन्हे शीघ्र ही ट्राइसाइकल प्रदान करने की बात कही। इसी प्रकार मालीपारा बोईरदादर निवासी दिलचंद देवांगन दिव्यांगता प्रमाण हेतु आवेदन लेकर पहुंचे थे, उन्होंने बताया कि बीमारी के कारण वे ठीक से चल नही सकते है, अत: उन्हे दिव्यांगता प्रमाण पत्र की आवश्यकता है, जिससे उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सके। आवेदन पर कलेक्टर सिन्हा ने समाज कल्याण विभाग को निर्देशित किया एवं सीएमएचओ के माध्यम से उन्हे दिव्यांगता प्रमाण पत्र हेतु मेडिकल बोर्ड भेजा गया। इसी प्रकार ग्राम झलमला निवासी जीवन प्रसाद पटेल धान का पैसा प्राप्त नहीं होने की शिकायत आवेदन लेकर पहुंचे थे, उन्होंने बताया कि धान बिक्री के पश्चात सेवा सहकारी समिति द्वारा धान की रकम का भुगतान नही किया गया है, जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने डीआरसीएस को शिकायत की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। इसी प्रकार चोढ़ा निवासी एतवारिन राठिया एवं ग्राम परसदा निवासी कौशल्या राठिया ने प्रधानमंत्री आवास मांग के आवेदन लेकर पहुंचे थे, कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि आगामी दिनों में सर्वे किया जाएगा एवं प्राथमिकतानुसार योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला जागृति शिविर सह महिला सम्मेलन आयोजित



**रायगढ़ ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नगर निगम ऑडिटोरियम, रायगढ़ में आज महिला जागृति शिविर सह महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने उपस्थित सभी महिलाओं को महिला दिवस की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि जब माता नहीं होती तो ये दुनिया नहीं होती। क्योंकि महिला समाज की रीढ़ होती है वो कभी मां, पत्नी, बहन एवं बेटी के रूप में होती है। उन्होंने पूरे समाज को एक संदेश देते हुए कहा कि हर माता-पिता अपने घर की बेटी को बेटा मान ले तो वह समाज एक बड़ी उपलब्धि हासिल करेगा। आज देश में कई सर्वोच्च पदों पर महिलाएं आसीन है, जो सभी के लिए आदर्श है। इस अवसर पर महापौर जानकी काटजू, नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी, जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे।

जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ शासन महिला समूहों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है, जिसकी वजह से ग्रामीण महिलाएं गौठान के माध्यम से जुड़ कर स्वावलंबी बन रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की दूरगामी सोच का नतीजा देखने को मिल रहा है कि आज रायगढ़ जिले के सूपा गौठान में महिलाएं गोबर से पेंट बना रही है, जो जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है। पिछले वर्ष बेटियों ने परीक्षा में टॉपटेन में आकर जिले के गौरवान्वित किया था। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को बधाई देते हुए कहा कि अपने बजट के दौरान आज वे आंगनबाड़ी सहायिका एवं कार्यकर्ताओं का वेतन बढ़ाया है, साथ ही वृद्धा पेंशन में भी बढ़ोत्तरी की है। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली जिले की महिलाओं को मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही नगर निगम की महापौर जानकी काटजू ने कहा कि हम सबके लिए गौरव की बात है कि आज इस मंच के माध्मय से सभी महिलाओं को सम्मानित किया जा रहा है। महिलाएं समाज की धुरी होती है, आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपना वर्चस्व दिखा चुकी है और पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही है, चाहे वह कोई भी क्षेत्र हो। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी एवं कल्पना चॉवला का उदाहरण देते हुए कहा कि वो भी महिलाएं ही थी। इसलिए कोई भी महिलाएं अपने आप को कमजोर मत समझे, हर वक्त यही सोच रखें कि हम भी किसी से कम नहीं। उन्होंने स्वच्छता दीदियों का उदाहरण दिया और कहा कि वे आज स्वयं रिक्शा चलाकर सुबह-सुबह घर से निकलकर कचरा उठा रही है और अपने परिवार के संबल बनी हुई है।

इस अवसर पर नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी एवं सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया एवं सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अतुल दाण्डेकर ने किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य रायगढ़ संगीता गुप्ता एवं पुनीता दिलीप पटेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग टी.के.जाटवर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। इस दौरान ऑडिटोरियम के हाल में स्वास्थ्य विभाग, सी-मार्ट, स्व-सहायता समूह, विजय लक्ष्मी हर्बल हैण्ड मेड प्रोडक्ट का स्टॉल भी महिलाओं ने लगाया था। इसके माध्यम से उन्होंने शासन की योजनाओं की जानकारी दे रही थी।

# क्षितिज अपार संभावनाएं : सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांगों को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के लिए सूची जारी

- 15 मार्च तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

**रायगढ़।** उप संचालक समाज कल्याण विभाग, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षितिज अपार संभावनाएं योजनान्तर्गत जिले के कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांग छात्र तथा छात्रा को क्रमश: 2 एवं 5 हजार रुपये की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि प्रदाय किये जाने का प्रावधान है। शैक्षणिक सत्र 2021-22 में घोषित कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की प्रावीण्य सूची में सर्वाधिक अंक प्राप्त दिव्यांजनों की सूची तैयार की गई है। उक्त सूची के संबंध में यदि किसी दिव्यांग छात्र-छात्रा को कोई आपत्ति हो तो वे 15 मार्च 2023 तक समुचित प्रमाण-पत्र के साथ उप संचालक समाज कार्यालय कार्यालय, रायगढ़ में उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि में पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

समाज कल्याण विभाग से मिली सूची अनुसार कक्षा 10 वीं कन्या उ.मा.वि.नौरंगपुर, जनपद पंचायत सारंगढ़ की दृष्टि बाधित छात्रा कु.कीर्ति पटेल एवं कक्षा 10 वीं उ.मा.विद्यालय तेतला, जनपद पंचायत पुसौर के अस्थि बाधित छात्र रामकिशन साव शामिल है। इसी तरह उ.मा.वि.तुरेकेला, जनपद पंचायत खरसिया कक्षा 12 वीं की दृष्टि बाधित छात्रा कु.प्रिया सारथी एवं उ.मा.वि.टारपाली जनपद पंचायत रायगढ़ के मानसिक मंद छात्र आदर्श सिदार शामिल है।

# अवैध शराब और नशीले पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने होली के पूर्व रायगढ़ जिले में चलाया गया विशेष अभियान

- सायबर सेल और तमनार पुलिस की कार्यवाही में पकड़ा गया प्रतिबंधित कोरेक्स कफ सिरप के साथ सप्लायर
- अवैध शराब पर पुसौर, कोतरारोड, कोतवाली, खरसिया व जूटमिल में बड़ी कार्यवाई : कार व बाइक में शराब तस्करी कर रहे आरोपी गिरफ्तार
- पिछले दो दिनों में 50 व्यक्तियों से लगभग 350 लीटर से ज्यादा अवैध शराब जब्त
- आरोपियों से एक कार, 4 बाइक व एक स्कुटी जब्त
- फरवरी से अब तक रिकॉर्ड 310 व्यक्तियों पर आबकारी एक्ट के तहत की गई कार्यवाही, जुआ सट्टा में पकड़े गए 147 आरोपी, 293 व्यक्तियों पर की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही



**रायगढ़।** होली को लेकर शांति व्यवस्था के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा अवैध शराब व नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले असामाजिक तत्वों पर प्रभावी कार्यवाही के लिए विशेष अभियान चलाया गया। पिछले 24 घंटे के अभियान में बीते रात साइबर सेल और तमनार पुलिस की संयुक्त टीम ने तमनार क्षेत्र में मुखबिर सूचना पर तोलगे से मिलूपारा की ओर इको कार में प्रतिबंधित कोरेक्स सिरप का परिवहन कर रहे आरोपी रोशन उर्फ सोनू गुप्ता पिता कृष्णचंद गुप्ता उम्र 25 साल सकिन बहाआमा थाना लैलूंगा जिला रायगढ़ को घेराबंदी कर पकड़ा गया है। आरोपी के पास से कार में रखे हुए 360 नग कोरेक्स की शीशी, एक मोबाइल और इको कार जब्त किया गया है। आरोपी इसे क्षेत्र में अवैध रूप से खपाना बताया है जिस पर थाना तमनार में धारा 21 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। आरोपी से मिली जानकारी पर क्षेत्र में प्रतिबंधित सिरप की खरीदी-बिक्री करने वाले अन्य लोगों पर भी सतत कार्यवाही का प्रयास किया जा रहा है।

होली के मद्देनजर शराब के अवैध संग्रहण और बिक्री पर अंकुश लगाने विभिन्न थानाक्षेत्र में शराब रेड की ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई है। इन कार्यवाहियों में पुसौर पुलिस ने अर्टिका कार एवं एक अन्य बाइक चालक से 100 लीटर महुआ शराब, कोतरारोड़ पुलिस द्वारा 284 पाव देशी और अंग्रेजी शराब, जूटमिल पुलिस द्वारा 100 पाव देशी शराब, खरसिया पुलिस द्वारा 60 पाव अंग्रेजी शराब, कोतवली पुलिस द्वारा 88 पाव, कापू पुलिस द्वारा 09 लीटर, लैलूंगा पुलिस द्वारा 12 लीटर, घरघोड़ा पुलिस द्वारा 31 लीटर शराब के साथ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पिछले दो दिनों के विशेष अभियान में जिले के विभिन्न थानों में 44 आबकारी एक्ट के मामले दर्ज किये गये जिसमें 50 आरोपियों पर कार्यवाही की गई है। पुलिस ने आरोपियों से लगभग 350 लीटर देशी, अंग्रेजी और महुआ शराब जप्त किया गया है। इन मामलों में पुलिस ने शराब परिवहन में प्रयुक्त 01 अर्टिका कार, 04 मोटर सायकल, 01 एक्टिवा स्कुटी की जब्ती भी की है, जिन्हें राजसात करवाने की कार्यवाही भी की जा रही है।

विदित हो कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के जिले का प्रभार लेने के बाद से साइबर सेल की टीम ने गुम मोबाइलों की जांच पड़ताल में तेजी लाया गया जिसके फलरूवरूप गत दिनों करीब 30 लाख के 215 गुम हुए मोबाइलों का वितरण उनके वास्तविक मालिकों को किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन पर लगातार अभियान चलाकर जुआ, सट्टा, मादक पदार्थों एवं फरार वारंटियों एवं बाइक चोरों की धरपकड़ की जा रही है। पिछले एक माह में रायगढ़ जिले में प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों के साथ आबकारी एक्ट, जुआ-सट्टा, मोटर व्हीकल के मामलों में बेतहाशा वृद्धि हुई है।

जिले में सिलसिलेवार बाइक चोरियों पर अंकुश लगाने सायबर सेल की टीम को संदिग्धों की धरपकड़ में लगाया गया जिससे माह फरवरी से अब तक 12 आरोपियों से चोरी की 23 मोटर सायकलें बरामद कर आरोपियों को चोरी के अपराध में जेल भेजा गया है। मादक पदार्थ गांजे की तस्करी पर विशेष निगाह रखी जा रही है, माह में पुलिस ने 06 कार्यवाही में 08 गांजा तस्करों और एक कोरेक्स सप्लायर को एनडीपीएस एक्ट के मामले में जेल भेजा गया है जिनमें जप्त गांजा की कुल मात्रा 44 किलो व कीमत-लगभग 5 लाख रूपये है इन अपराधों में 3 चार पहिया- बोलेरो, डिजायर और इको कार तथा एक स्कुटी जप्त है।

01 फरवरी से अब तक आबकारी एक्ट के कुल 310 मामलों में लगभग 700 लीटर शराब जप्त की गई है। इन मामलों में परिवहन में प्रयुक्त 2 कार, 04 बाइक, 01 स्कुटी भी जप्त किये गये हैं। वहीं जुआ एक्ट के 22 प्रकरण में 75 व्यक्तियों पर तथा सट्टा एक्ट के तहत 72 आरोपियों से लाखों रुपए की सट्टा पट्टी जप्त कर कार्यवाही की गई है।

आर्म्स एक्ट के तीन मामलों में 02 देशी कट्टा, दो जिंदा राउंड और 02 धारदार हथियार आरोपियों से जप्त किए गए जिनके आरोपियों को जेल भेजा गया है। फरार वारंटियों पर की गई कार्यवाही में पिछले माह 507 गिरफ्तारी वारंट और 22 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किये गये।

प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के क्रम में 303 व्यक्तियों पर विभिन्न धाराओं के तहत प्रतिबंधक कार्यवाही किया गया है जिसमें 53 व्यक्तियों पर 151 CrPC के तहत कार्यवाही कर जेल भेजे गए हैं। जिले के चौंक-चौराहों तथा आऊटर में लगातार मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही किया जा रहा है 01 माह के भीतर ही 3166 व्यक्तियों से 12,76,600 रुपए समन शुल्क की वसूली कर राजस्व खाते में जमा कराया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480